दैनिक जागरण

Tuesday, January 28, 2020

# आइआइएम जम्मू का श्रीनगर ऑफ साइट कैंपस तैयार

जम्मू : आइआइएम जम्मू का श्रीनगर में आफ साइट कैंपस शुरू हो गया है। इसकी इमारत तैयार हो गई है। अप्रैल 2020 कैंपस कामकाज शुरू कर देगा। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने नौ अगस्त 2019 को 51.8 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल ने गत दिनों कश्मीर दौरे के दौरान आइआइएम जम्मू के आफ साइट कैंपस का उद्घाटन किया था। आइआइएम जम्मू के डायरेक्टर डॉ. बीएस सहाय ने कहा कि सेंटर फार एक्सीलेंस आन इनोवेशन एंड इंटरप्रियआनरशिप स्थापित किया जाएगा। आइआइएम जम्मू का आफ साइट कैंपस श्रीनगर के नौगाम में स्थापित किया गया है। इसमें शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होंगे। (राब्यू)